

मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हीरो हॉकी इंडिया लीग एक और सत्र के लिए लौट रही है। यह लीग भारतीय खिलाड़ियों के लिए दुनिया के कुछ बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का एक महत्वपूर्ण मंच रही है।
- सलीमा टेटे

भारतीय महिला हॉकी कप्तान, हॉकी इंडिया लीग को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



बेन स्टोक्स

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक बार फिर चर्चा का विषय बने 2018 के गेंद से छेड़छाड़ विवाद पर नाराजगी जताई है। बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया के 2018 के गेंद से छेड़छाड़ विवाद पर खिलाड़ियों से सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोप बंद करने की अपील की है। उस्मान ख्वाजा की आत्मकथा में हुए खुलासों के बाद सैंडपेपरगेट फिर चर्चा में है। उन्होंने इस मामले से जुड़े खिलाड़ियों और अधिकारियों से सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर आरोप लगाने का सिलसिला बंद करने की अपील की है।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने 1983 और 2011 में वनडे विश्व कप, 2007, 2024 और 2026 में टी-20 विश्व कप तथा 2002, 2013 और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

क्राइस्टचर्च टेस्ट से पहले भारतीय गेंदबाजी कोच ने गेंदबाजों को हड़बड़ी से बचने की दी सलाह

सिराज मेरे लिये विश्वस्तरीय गेंदबाज : मोर्कल

क्राइस्टचर्च, 26 नवंबर। भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट से पहले अपनी टीम को गेंदबाजी में किसी तरह की 'बेचैनी' या हड़बड़ी से बचने की सलाह दी है। भारत के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जीवित रखने के लिए यह मुकाबला जीतना जरूरी है। हालांकि, मोर्कल ने खिलाड़ियों से बाहरी दबाव को नजरअंदाज करने और सत्र दर सत्र अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

मोर्कल ने प्री मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सबसे पहले, एक टीम के रूप में हमें 'बेचैनी' शब्द को अच्छी तरह समझने की जरूरत है। मुझे 'बेचैनी' शब्द पसंद नहीं है क्योंकि इससे खिलाड़ी मैदान पर जरूरत से ज्यादा कोशिश करने लगते हैं और अपनी गेंदबाजी की सही दिशा से भटक जाते हैं। इसलिए मेरे लिए



यह महत्वपूर्ण है कि अगले सप्ताह हम बाहरी शोर और दबाव को पूरी तरह नजरअंदाज करें।

उन्होंने कहा, मैंने जितना देखा है, उसके अनुसार पिच फिर काफी हरी नजर आ रही है। मुझे लगता है कि वहां घास की परत थोड़ी लंबी है। हमें देखना होगा कि यह किस तरह खेलती है। उन्होंने कहा, गुरनूर लगातार टीम में जगह बनाने के करीब पहुंच रहा है। वह सभी सही चीजें कर रहा है। लेकिन खिलाड़ी के तौर पर चयन ऐसी चीज है, जिसे वह नियंत्रित नहीं कर सकता। उसे बस यह सुनिश्चित करना है कि मौका मिलने पर वह पूरी तरह तैयार रहे।

मोर्कल ने कंबोज का बचाव करते हुए कहा, सिर्फ उसके साथ ऐसा नहीं हुआ। न्यूजीलैंड की टीम को भी देखिए, उस पिच पर गेंदबाजों की गति कम थी। आप किसी खिलाड़ी को उसके पदार्पण टेस्ट के आधार पर भी नहीं आंक सकते। अपना पहला टेस्ट मैच खेलने के दौरान खिलाड़ी कई तरह की भावनाओं और परिस्थितियों से गुजरता है। इसलिए हमें उस खिलाड़ी का समर्थन करना चाहिए, जो टीम के लिए कठिन काम कर रहा है और लंबे-लंबे स्पेल में गेंदबाजी कर रहा है। उसे उचित मौका दीजिए, पहले उसे कुछ मैच खेलने दीजिए और उसके बाद हम चर्चा कर सकते हैं। मुझे लगता है कि इस समय किसी खिलाड़ी के बारे में राय बनाने के लिए अभी बहुत शुरुआती दौर है।

सिराज के बारे में मोर्कल ने कहा, मेरे हिसाब से वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। जिस दौर से वह गुजर रहा है, उसे देखते हुए मेरे लिए वह विश्वस्तरीय गेंदबाज है। कई बार फैसले लेना और चयन करना कठिन होता है और यह आसान नहीं है। उसके साथ मेरी बातचीत में मैंने उससे कहा कि देखो, हमें चीजों को थोड़ा पीछे जाकर समझने की जरूरत है। इस समय हम कहां हैं, हमें क्या सुधारने की जरूरत है और हम कहां बेहतर हो सकते हैं? चयन ऐसी चीज है, जिसे हम वास्तव में नियंत्रित नहीं कर सकते। यह सब अपनी जिम्मेदारी खुद लेने और उस पर अमल करने के बारे में है।

रन बनाने की राह पर लौटने का कोई जादुई नुस्खा नहीं : लैथम



क्राइस्टचर्च, 26 नवंबर। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने खराब फॉर्म से उबरने के लिए वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही है। उन्होंने माना कि रन बनाने की राह पर लौटने का कोई जादुई नुस्खा नहीं है और न्यूजीलैंड की पिचों पर ओपनिंग करना चुनौतीपूर्ण रहता है। लैथम अब कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों में योगदान देकर टीम को जीत दिलाना चाहते हैं। मैच से पहले पत्रकारों से अपनी फॉर्म के बारे में बात करते हुए, लैथम ने कहा कि न्यूजीलैंड में ओपनिंग करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और इसके लिए अच्छी तैयारी बहुत जरूरी है। हालांकि, तैयारी से अच्छे नतीजों की गारंटी नहीं मिलती। इसके बावजूद, लैथम ने अपनी तैयारी में कोई कमी नहीं आने दी है और वह बस वर्तमान पल पर ध्यान केंद्रित रखना चाहते हैं। क्रिकइन्फो के अनुसार, लैथम ने कहा कि जाहिर है, न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में ओपनिंग करना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हम क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए हम चाहे कितनी भी अच्छी तैयारी कर लें और सब कुछ सही तरीके से कर लें, लेकिन मैदान पर उतरने के बाद अच्छे नतीजों की गारंटी नहीं होती। मेरी तैयारी वैसी ही है जैसी पिछले हफ्ते थी, और बात बस इतनी है कि आप उस पल में पूरी तरह से मौजूद रहने की कोशिश करें।

ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत ने आईओसी के सामने रखा अपना दृष्टिकोण, अहमदाबाद की तैयारियों का दिया ब्यौरा



नई दिल्ली, 26 नवंबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दृष्टिकोण और प्रस्तावित रूपरेखा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के फ्यूचर होस्ट कमीशन के सामने प्रस्तुत की। गुरुवार को हुई ऑनलाइन प्रस्तुति में अहमदाबाद की तैयारियों, खेल बुनियादी ढांचे और भारत की मेजबानी संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस प्रस्तुति में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रघुराम अय्यर और आईओए एथलीट आयोग की अध्यक्ष पीवी सिंधु ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। भारत की आईओसी सदस्य नीता अंबानी भी इस दौरान मौजूद रहीं। प्रस्तुति में अहमदाबाद की खेल संबंधी तैयारियों के साथ शहर, राज्य और केंद्र सरकार की ओर से मिल रहे सहयोग को प्रमुखता से रखा गया। इसके अलावा बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी में भारत के अनुभव, प्रस्तावित खेल स्थलों के विकास और खेलों के आयोजन को लेकर दीर्घकालिक योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। अहमदाबाद को भारत की प्रस्तावित मेजबानी योजना का केंद्र बताया गया। शहर में साल 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन होना है। ऐसे में विश्वस्तरीय खेल स्थलों और उनसे जुड़ी आधारभूत सुविधाओं का विकास 2036 ओलंपिक की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। इस बैठक में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के साथ केंद्र और गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। करीब आधे घंटे तक चली प्रस्तुति के बाद आईओसी के फ्यूचर होस्ट कमीशन और भारतीय प्रतिनिधिमंडल के बीच संवाद भी हुआ। इसमें खेलों की संभावित विरासत और प्रभाव, स्थानीय से राष्ट्रीय स्तर तक विकास योजनाओं के साथ तालमेल, खेल स्थलों की रूपरेखा, सरकारी सहयोग और वित्तीय रणनीति जैसे विषयों पर चर्चा हुई। भारत फिलहाल उन सात देशों में शामिल है, जो आईओसी के साथ निरंतर संवाद के चरण में हैं। इस प्रक्रिया के मार्च 2027 में रणनीतिक संवाद चरण में पहुंचने की उम्मीद है।

जयपुर में आज से शुरू होगी राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता

जयपुर, 26 नवंबर। राजस्थान वुशू संघ एवं जयपुर वुशू संघ के तत्वावधान में 27 से 30 नवंबर तक 20वीं सीनियर एवं सब जूनियर राज्य स्तरीय पुरुष एवं महिला वुशू प्रतियोगिता का आयोजन श्री जगमहल पैलेस, जयपुर में किया जाएगा। राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष एवं आयोजन अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 24 जिलों से करीब 800 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों के मुकाबले विशेष आकर्षण रहेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन 27 नवंबर को मुख्य अतिथि राखी राठौड़ करेंगी। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सहवाग के छोटे बेटे वेदांत ने सात विकेट झटके

नई दिल्ली, 26 नवंबर। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के छोटे बेटे वेदांत सहवाग ने कूच बिहार ट्रॉफी में शानदार गेंदबाजी की। 16 साल के राइट आर्म ऑफ स्पिनर वेदांत ने दिल्ली अंडर-19 की ओर से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ पहली पारी में 7 विकेट लिए। वेदांत की गेंदबाजी के सामने पंजाब की टीम पहली पारी में 238 रन पर सिमट गई। इस मुकाबले में वेदांत के बड़े भाई आर्यवीर सहवाग दिल्ली की कप्तानी कर रहे हैं। 19 साल के आर्यवीर ने 94 गेंद पर 31 रन बनाए।

पंजाब किंग्स में शामिल हुए हार्दिक, मुंबई इंडियंस छोड़ी

नई दिल्ली, 26 नवंबर। आईपीएल 2027 से पहले खिलाड़ियों की अदला-बदली ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रह चुके हार्दिक पांड्या अब पंजाब किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे। हालांकि, मुंबई से उनके जाने से पहले राजस्थान रॉयल्स ने भी उन्हें अपनी टीम में शामिल करने की पूरी कोशिश की थी। लेकिन जोफ्रा आर्चर और यशस्वी जायसवाल को लेकर दोनों फ्रेंचाइजी के बीच सहमति नहीं बन सकी और यह सौदा आखिरी समय में टूट गया। मौजूद जानकारी के अनुसार, राजस्थान रॉयल्स हार्दिक को अपनी टीम में शामिल करने के लिए काफी गंभीर थी। टीम के मालिकों और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने इस सिलसिले में बेंगलुरु पहुंचकर बातचीत भी की थी। राजस्थान को उम्मीद थी कि हार्दिक के आने से टीम को एक अनुभवी कप्तान और बेहतरीन हरफनमौला खिलाड़ी मिल जाएगा। लेकिन मुंबई इंडियंस ने इस सौदे में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भी शामिल करने की शर्त रख दी। मुंबई चाहती थी कि हार्दिक के बदले राजस्थान यशस्वी जायसवाल के साथ आर्चर को भी दे। हालांकि, राजस्थान ने इस शर्त को स्वीकार नहीं किया और बातचीत खत्म हो गई।

पंकज ने रचा इतिहास, क्रूसिबल कप जीतने वाले पहले भारतीय बने

नई दिल्ली, 26 नवंबर। पंकज आडवाणी प्रतिष्ठित क्रूसिबल कप स्नूकर टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने ब्रिटेन के रीडिंग में स्नूकर 900 प्रारूप में खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में माल्टा के पूर्व पेशेवर खिलाड़ी टोनी ड्रैगो को 6-0 से हराया। मौजूदा विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन आडवाणी ने अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विश्व स्नूकर चैंपियन नील रॉबर्टसन को 5-2 से हराया। सके बाद भारतीय खिलाड़ी ने जो



पेरी को 5-1 से आसानी से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पेरी ने मौजूदा विश्व स्नूकर चैंपियन वू यिज़े को 5-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। एक अन्य सेमीफाइनल में ड्रैगो ने बड़ा उलटफेर करते हुए रॉनी ओसुलिवन को 5-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। स्नूकर 900 प्रारूप में खिलाड़ियों को प्रत्येक शॉट 20 सेकंड के भीतर लेना होता है और प्रत्येक फ्रेम 15 मिनट का होता है। समय समाप्त होने पर जो खिलाड़ी आगे होता है, उसे विजेता घोषित किया जाता है। आडवाणी की इस जीत का मतलब यह भी है कि भारत 2027 में पहली बार क्रूसिबल कप मेजबानी करेगा।

महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी : मलेशिया की चुनौती से पार पाना चाहेगा भारत

भोपाल, 26 नवंबर। गत चैंपियन और विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार को मध्य प्रदेश महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भोपाल 2026 के सेमीफाइनल में मलेशिया का सामना करेगी। नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में होने वाले इस मुकाबले में भारतीय टीम लगातार पांच जीत के साथ लीग चरण में शीर्ष पर रहने के बाद अब फाइनल में जगह बनाने उतरेगी। घरेलू टीम की नजरें चौथी बार खिताब जीतकर इतिहास रचने पर भी होंगी।

मुख्य कोच श्योर्ड मारिन के मार्गदर्शन में भारत ने टूर्नामेंट में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए पांच मैचों में 15 अंक के साथ अंक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। गत चैंपियन टीम ने इस दौरान 23 गोल किए और केवल चार गोल खाए। उसका गोल अंतर प्लस 19 रहा। भोपाल में भारतीय टीम के अभियान में उसकी आक्रमण की गहराई और रक्षात्मक मजबूती प्रमुख रूप से सामने आई है। इसी प्रदर्शन के दम पर भारत अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की विश्व रैंकिंग में अपने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंचा।

दीपिका टूर्नामेंट की सबसे प्रभावशाली आक्रमण खिलाड़ियों में शामिल रही हैं। उन्होंने अब तक आठ गोल किए हैं और गोल करने वाली खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं। इसमें थाईलैंड और चीन के खिलाफ उनकी हैट्रिक भी शामिल है। हालांकि, भारतीय टीम का आक्रमण केवल दीपिका पर निर्भर नहीं रहा है। ललरेमसियामी, नवनीत कौर, मुमताज खान, नेहा, साक्षी राणा और सुनेलिता टोप्पो ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मलेशिया की अंतिम मिनटों में गोल करने की क्षमता को देखते हुए भारतीय टीम को पूरे मुकाबले में अपनी रक्षात्मक व्यवस्था और तीव्रता बनाए रखनी होगी। भारत ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब 2016, 2023 और 2024 में जीता है। अब उसकी नजर चौथी बार चैंपियन बनने पर है। ऐसा करने पर भारत इस प्रतियोगिता की सबसे सफल टीम बन जाएगा। भोपाल में शुरू हुए इस संस्करण से पहले भारत और दक्षिण कोरिया तीन-तीन बार खिताब जीतकर बराबरी पर थे। ऐसे में खिताब का बचाव भारतीय महिला हॉकी की बढ़ती प्रतिष्ठा में एक और उपलब्धि जोड़ सकता है। शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल जापान और चीन के बीच भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे खेला जाएगा। इसके बाद भारत और मलेशिया की टीमें शाम 7 बजे आमने-सामने होंगी।

चोट के कारण बांग्लादेश दौरे से बाहर हुए तेज गेंदबाज कोएट्जी और मफाका

जोहानसबर्ग, 26 नवंबर। दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश के आगामी सीमित ओवरों के दौरे से पहले बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी और क्वेना मफाका चोट के कारण वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीमों से बाहर हो गए हैं। कोएट्जी को नॉर्थ वेस्ट ड्रैगन्स के खिलाफ प्रथम श्रेणी सीरीज के मुकाबले में लायंस की ओर से खेलते हुए जांघ की मांसपेशियों में चोट लगी। उन्हें बांग्लादेश दौरे के वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय, दोनों चरणों के लिए टीम में चुना गया था। दाएं पैर की हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे मफाका को अभ्यास के दौरान फिर झटका लगा। इसके बाद उन्हें टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका ए की एकदिवसीय टीम से भी बाहर कर दिया गया है। इन बदलावों के बाद टियान वान वुरेन को पहली बार दक्षिण अफ्रीका की वनडे टीम में जगह मिली है। ईथन बॉश और बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले तेज गेंदबाज जेजे बासोन को टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा इंग्लैंड लायंस के खिलाफ सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका ए की टीम में बायांडा मोजोला और ओकुहले सेले को जगह दी गई है।

राजस्थान ने बंगाल को हराकर सैयत मुश्ताक अली ट्रॉफी की सुपर लीग में बनाई जगह

महिपाल लोमरोर और अभिजीत तोमर के आतिशी अर्धशतक, दीपक चाहर और अराफात खान की शानदार गेंदबाजी





जयपुर, 26 नवंबर। बीसीसीआई सीनियर सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बंगाल को हराकर सुपर लीग दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया। मुंबई में खेले गए मुकाबले में राजस्थान ने 157 रन बनाने वाली बंगाल की टीम को चार विकेट से हराया। राजस्थान की जीत में महिपाल लोमरोर (74) और अभिजीत तोमर (नाबाद 74) के शानदार अर्धशतकों के साथ दीपक चाहर और अराफात खान की बेहतरीन गेंदबाजी अहम रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए बंगाल ने 9 विकेट पर 157 रन बनाए। शाकिर हबीब ने 69, करण लाल ने 28 और अभिमन्यु ईश्वरन ने 26 रन बनाए। राजस्थान की ओर से दीपक चाहर, अराफात खान और नीलेश टांक ने 3-3 विकेट हासिल किए। जवाब में राजस्थान की शुरुआत खराब रही और 37 रन पर तीन विकेट गिर गए। इसके बाद महिपाल लोमरोर और अभिजीत तोमर ने चौथे विकेट के लिए महज 66 गेंदों में 119 रन की तूफानी साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। महिपाल ने 35 गेंदों पर 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 74 रन बनाए, जबकि अभिजीत तोमर 52 गेंदों पर 8 चौके और 3 छक्कों की मदद से 74 रन बनाकर नाबाद रहे। कार्तिक शर्मा ने एक गेंद पर छक्का लगाकर नाबाद 6 रन बनाए। राजस्थान ने 4 विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

दैविक सोमानी के शतक से राजस्थान को पहली पारी में विशाल बढ़त



जयपुर, 26 नवंबर। बीसीसीआई अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में लखनऊ में राजस्थान और उत्तराखंड के बीच खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन राजस्थान ने पहली पारी में विशाल बढ़त हासिल कर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। राजस्थान ने दैविक सोमानी के शानदार शतक और तीन बल्लेबाजों के अर्धशतकों की मदद से पहली पारी में 438 रन बनाकर पारी घोषित की। उत्तराखंड की पहली पारी 215 रन पर सिमट गई थी। राजस्थान की ओर से लवमीत गुर्जर और हर्षित यादव ने 4-4 विकेट तथा आंजनेय शर्मा ने 2 विकेट लिए। जवाब में राजस्थान ने 9 विकेट पर 438 रन बनाकर पारी घोषित की। दैविक सोमानी ने 117 रन की शतकीय पारी खेली। सुशांत बसनेत ने 68, निश्छल शर्मा ने 65, आदित्य राज ने नाबाद 62 और वशिष्ठ शर्मा ने 51 रन बनाए। तविष शर्मा ने 34 रन का योगदान दिया। उत्तराखंड ने दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट पर 34 रन बना लिए थे। राजस्थान की ओर से आदित्य राज ने 2 तथा आंजनेय शर्मा और हर्षित यादव ने 1-1 विकेट लिया। मुकाबले का तीसरा और अंतिम दिन शुक्रवार को खेला जाएगा।

रजत बघेल के शतक से राजस्थान की हिमाचल के खिलाफ मजबूत शुरुआत

कूच बिहार ट्रॉफी में अभय और आदित्य ने भी जड़े अर्धशतक





जयपुर, 26 नवंबर। बीसीसीआई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में राजस्थान ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ पहले दिन शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 320 रन बना लिए। अम्तर में गुरुवार से शुरू हुए मुकाबले में रजत बघेल ने शानदार शतक जमाया, जबकि अभय शर्मा और आदित्य भांभू ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की टीम को रजत बघेल और आदित्य भांभू ने पहले विकेट के लिए 193 रन की शानदार साझेदारी कर मजबूत शुरुआत दिलाई। रजत बघेल ने 202 गेंदों पर 15 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 126 रन बनाए। आदित्य भांभू ने 163 गेंदों पर 7 चौकों की सहायता से 69 रन बनाए। अभय शर्मा ने 72 गेंदों पर 9 चौके और एक छक्के की मदद से 53 रन की पारी खेली। कुशाग्र ओझा ने 32 रन बनाए, जबकि प्रखर शर्मा 18 और यथार्थ भारद्वाज 11 रन बनाकर नाबाद रहे। हिमाचल की ओर से नौनिहाल ने 3 और शिवम शर्मा ने 1 विकेट हासिल किया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर राजस्थान का स्कोर 5 विकेट पर 320 रन था।

सारस्वत के अर्धशतक से एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी जीती

जयपुर, 26 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को खेले गए पूल-ए मुकाबले में एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी ने इम्पायर क्रिकेट एकेडमी को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इम्पायर क्रिकेट एकेडमी की टीम राकेश ध्याना के 31, ध्रुव खंडेलवाल के 28 और विनीत शर्मा के 25 रनों की मदद से 14.5 ओवर में 128 रन पर सिमट गई। एक्सीलेंस की ओर से अमित शर्मा, सत्यनारायण और रजत जांगिड़ ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। जवाब में एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी ने मयंक सारस्वत की 63 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत 19.5 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मयंक ने 51 गेंदों पर चार चौके और चार छक्के लगाए।

बीडब्ल्यूएफ ने कनाडा को सौंपी विश्व चैम्पियनशिप 2027 की मेजबानी, 14 से 25 तक होंगे मैच

नई दिल्ली, 26 नवंबर। बैडमिंटन प्रेमियों के लिए 2027 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप कई मायनों में खास रहने वाली है। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि अगली विश्व चैंपियनशिप का आयोजन कनाडा के मिसिसॉगा शहर में 14 से 25 जुलाई 2027 तक किया जाएगा। इस बार टूर्नामेंट में सिर्फ मेजबान देश ही नहीं, बल्कि खेलके नियमों और मुकाबलों के तरीके में भी बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे ।

पाक के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए डिएंड्रा डॉटिन की वेस्टइंडीज टीम में वापसी

टी20 और वनडे सीरीज के लिए एक ही 15 सदस्यीय टीम घोषित, हेली मैथ्यूज संभालेंगी कप्तानी

नई दिल्ली, 26 नवंबर। वेस्टइंडीज की अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन पाकिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के लिए सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों की टीम में लौट आई हैं। वेस्टइंडीज को इस सीरीज में तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने हैं। डॉटिन सितंबर में जिम्बाब्वे दौरे पर वेस्टइंडीज के पिछले अंतरराष्ट्रीय अभियान का हिस्सा नहीं थीं। उन्हें निजी कारणों से अवकाश दिया गया था। डॉटिन को चोट के कारण सीरीज से बाहर हुईं ऑफ स्पिनर अशमिनी मुनिसार की जगह टीम में शामिल किया गया है। बाकी टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वेस्टइंडीज ने दोनों प्रारूपों के लिए एक ही 15 सदस्यीय टीम चुनी है।

आईपीएल नीलामी में तौहीद हृदोय समेत 11 बांग्लादेशी क्रिकेटर, शाकिब और मुस्तफिजुर ने बनाई दूरी

नई दिल्ली, 26 नवंबर। आईपीएल की आगामी नीलामी में इस बार बांग्लादेश के 11 क्रिकेटरों ने अपना नाम दर्ज कराया है, लेकिन पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन और तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान इस सूची से गायब हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच जारी तनाव के बीच इन दोनों खिलाड़ियों का नीलामी के लिए नाम नहीं देना चर्चा का विषय बन गया है। खास बात यह है कि पिछले साल मुस्तफिजुर रहमान को लेकर आईपीएल में विवाद हुआ था और उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था। शुरुआती सूची में बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद हृदोय सबसे प्रमुख नाम हैं। वह इन दिनों अच्छी लय में बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी जगह बनाने की कोशिश में हैं। उनके अलावा हसन महमूद, परवेज हुसैन इमोन, रिपोन मंडल, रिशाद हुसैन, सैफ हसन, शाक महेदी हसन, शमीम हुसैन, शरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब और तस्कीन अहमद ने भी नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। आईपीएल की 16 दिसंबर को होने वाली नीलामी के लिए बांग्लादेश के 11 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। हालांकि, पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन और तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान सूची में शामिल नहीं हैं। भारत-बांग्लादेश के बीच तनाव और पिछले साल मुस्तफिजुर को कोलकाता नाइट राइडर्स से हटाए जाने के बाद इन खिलाड़ियों की मौजूदगी पर खास नजर रहेगी।



विमल एरियन अचीवर्स ने जगत पोलो को 8-2.5 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

जयपुर, 26 नवंबर। जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत आयोजित 'द ग्वालियर कप' (6 गोल) टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में टीम विमल एरियन अचीवर्स ने शानदार जीत दर्ज करते हुए टीम जगत पोलो को 8-2.5 गोल से हरा दिया। मुकाबला गुरुवार को पीपीसी ग्राउंड पर खेला गया। विजेता टीम की ओर से ध्रुवपाल गोदारा और क्रिस ल्यूक ने 3-3 गोल किए, जबकि साविर मेहराज गोदारा और रणवीर सहारण ने 1-1 गोल का योगदान दिया। जगत पोलो की ओर से फेडे बौउडू ने 2 गोल किए। जगत पोलो को मुकाबले में आधे गोल का एडवांटेज मिला था।

आज दूसरा सेमीफाइनल - टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल शुक्रवार, 27 नवंबर को टीम रामबाग/स्वराज और टीम जयपुर के बीच दोपहर 2 बजे से आरपीसी ग्राउंड पर खेला जाएगा।

हॉकी इंडिया लीग का नया सत्र जनवरी के पहले सप्ताह से, खिलाड़ियों की नीलामी 7 दिसंबर को

पुरुष टीमों के लिए 4 करोड़ और महिला टीमों के लिए 2 करोड़ रुपये की वेतन सीमा तय

नई दिल्ली, 26 नवंबर। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को हीरो हॉकी इंडिया लीग 2026-27 सत्र की प्रमुख तारीखों और कार्यक्रम की घोषणा कर दी। प्रतियोगिता जनवरी 2027 के पहले सप्ताह में शुरू होगी। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 7 दिसंबर 2026 को नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। नए सत्र के लिए टीमों के गठन की दिशा में यह अगला बड़ा कदम होगा। आगामी सत्र में पुरुष वर्ग में छह और महिला वर्ग में चार फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी। लीग के माध्यम से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतिभाओं को प्रमुख मंच उपलब्ध कराने की परंपरा जारी रहेगी। तैयारियां तेज होने के साथ ही फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों के आपसी आदान-प्रदान और उन्हें टीम में बनाए रखने की प्रक्रिया पूरी करेंगी। इसके बाद उनका ध्यान नीलामी पर होगा। घोषित कार्यक्रम के अनुसार, फ्रेंचाइजी को अपने प्रस्तावित खिलाड़ी आदान-प्रदान की जानकारी 29 नवंबर 2026 तक सीधे संबंधित फ्रेंचाइजी को देनी होगी। आधिकारिक ट्रेडिंग विंडो 29 नवंबर को भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे खुलेगी और 2 दिसंबर को सुबह 10 बजे बंद होगी। इसके बाद फ्रेंचाइजी को 2 दिसंबर को दोपहर 12 बजे तक खिलाड़ियों को स्थायी रूप से टीम से रिलीज करने की जानकारी हीरो हॉकी इंडिया लीग को देनी होगी और अपनी अंतिम टीम सूची जमा करनी होगी।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : मुंबई की लगातार छठी जीत, पुडुचेरी और हरियाणा ने आखिरी ओवर में दर्ज की जीत

नई दिल्ली, 26 नवंबर। मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए उत्तराखंड को 86 रन से हरा दिया। मुशीर खान के 40 गेंदों पर 65 रन की पारी ने मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। हार्दिक तामोरे ने 14 गेंदों पर 39 रन की तेजतर्रार पारी खेलकर टीम को शुरुआती गति दी, जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 51 रन बनाए। मुंबई की टीम अंतिम ओवर में 209 रन बनाकर ऑलआउट हुई। उत्तराखंड की ओर से रविंदर नेगी और जगदीशा सुचित ने त